Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 26-04-2002
Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

Title: Request to declare Jaipur as 'A' class city.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : सभापति जी, मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राजस्थान की राजधानी एवं गुलाबी नगरी जयपुर शहर को " ए क्लॉस" श्रेणी का नगर घोाित किया जाए। आज जयपुर की आबादी 25 लाख से ऊपर हो गयी है, वहां पर सवाई मानसिंह अंतर्राट्रीय एयरोड्रम का कार्य पूरा हो रहा है तथा रेल सेवा भारत के लगभग सभी प्रमुख शहरों से जुड़ गयी है। जयपुर भारत के सबसे बड़े राज्य राजस्थान की राजधानी है और राज्य के सारे भूतपूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री वहीं पर रहते हैं। संपूर्ण भारत में सबसे ज्यादा दर्शनीय ऐतिहासिक पर्यटक स्थल होने के नाते विदेशी और देशी पर्यटक जयपुर शहर में आते हैं। अगर इसे " ए क्लॉस" घोाित कर दिया जाए तो वहां के रहने वाले कर्मचारियों को हाउस-रेंट, दैनिक भत्ता, ट्रांसपोर्ट एलाउंस, सिटी कम्पनसेटरी एलाऊंस और महंगाई भत्ता अधिक मिलने लगेगा तथा जयपुर नगर के विकास में योगदान मिलेगा। जयपुर शहर को दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई के बराबर लाया जाए।